Title: Need for four-laning of road between Delhi and Haridwar with a view to boost tourism.

श्री राजेन्द्र कुमार (हरिद्वार) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र हरिद्वारा देश का एक पावन तीर्थ स्थल है, जहां तीर्थ यात्री प्रतिदिन सैकड़ों, हजारों की संख्या में आते हैं और हरिद्वार होते हुए ऋिकेश, देहरादून जैसे पर्यटन स्थलों पर भी जाते हैं । हरिद्वार जाने वाले प्रत्येक तीर्थ यात्री और देशी/विदेशी पर्यटक इन स्थलों पर अधिकतर दिल्ली होते हुए जाते हैं । साथ ही कावड़ ले कर चलने वाले सैंकड़ों श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं, किंतु महोदय, मैं आपका ध्यान केवल दिल्ली से हरिद्वार तक की मुख्य सड़क की ओर दिलाना चाहता हूं जो कहीं-कहीं बहुत ही ज्यादा जीर्ण-शीर्ण हालत में है । वह भी एक लेन वाली सड़क है । सड़क के बीच में कहीं भी डिवाइडर नहीं होने से गाड़ियां आमने-सामने आ जाती हैं जिससे दुर्घटना की संभावना यथावत बनी रहती है ।

अतः मैं सदन में माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि हरिद्वार और अन्य पर्यटन स्थलों की महत्ता को देखते हुए दिल्ली से हरिद्वार तक की एक लेन वाली सड़क को परिवर्तन करके दोहरी अथवा चार लेन में बनवाए जाने का कट करें ।